**C.B.S.E**

**कक्षा : 10**

**विषय : हिंदी B**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

---

**सामान्य निर्देश:**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क,ख,ग,और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।
7. पाँच अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 120-150 शब्दों में लिखिए।

## खण्ड - क

## [अपठित अंश]

प्र.1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [10]

कौशल देश के वृद्ध राजा के चार पुत्र थे। उन्हें यह चिन्ता सताने लगी थी कि राज्य का उत्तराधिकारी किसे बनाया जाए? सोच-विचार के बाद अपने चारों पुत्रों को बुलाकर राजा ने कहा– "तुम चारों में से जो सबसे बड़े धर्मात्मा को मेरे पास लेकर आएगा वही राज्य का स्वामी बनेगा।" तत्पश्चात चारों राजकुमार अपने-अपने घोड़ों पर सवार होकर चल पड़े।

कुछ दिनों बाद बड़ा पुत्र अपने साथ महाजन को लेकर आया और राजा से बोला – "ये महाजन लाखों रुपयों का दान कर चुके हैं, अनेक मन्दिर व

धर्मशालाएँ बनवा चुके हैं तथा साधु-सन्तों और ब्राह्मणों को भोजन कराने के उपरान्त ही ये भोजन करते हैं। इनसे बड़ा धर्मात्मा कौन होगा?

"हाँ, वास्तव में ये धर्मात्मा हैं।" राजा ने कहा तथा सत्कारपूर्वक विदा किया। इसके बाद दूसरा पुत्र एक कृशकाय ब्राह्मण को लेकर आया और राजा से बोला– "ये ब्राह्मण देवता चारों धामों की यात्रा कर आए हैं, कोई तामसी वृत्ति इन्हें छू नहीं गई है। इनसे बढ़कर कोई धर्मात्मा नहीं है।"

राजा ब्राह्मण के समक्ष नतमस्तक हुए और दान-दक्षिणा देकर बोले– "इसमें कोई सन्देह नहीं कि ये एक श्रेष्ठ धर्मात्मा हैं।"

तभी तीसरा पुत्र एक साधु को लेकर पहुँचा और बोला– "ये साधु महाराज सप्ताह में केवल एक बार दूध पीकर रहते हैं। भयंकर सर्दी में जल में खड़े रहते हैं और गर्मी में पंचाग्नि तापते हैं। ये सबसे बड़े धर्मात्मा हैं।"

राजा ने साधु को प्रणाम किया और कहा- "निश्चय ही ये एक उत्तम साधु हैं।" साधु महाराज राजा को आशीर्वाद देकर विदा हुए।

अन्त में सबसे छोटा पुत्र एक निर्धन किसान के साथ आया। किसान दूर से ही भय के मारे हाथ जोड़ता चला आ रहा था। तीनों भाई छोटे भाई की मूर्खता पर ठहाका लगाकर हँस पड़े। छोटा पुत्र बोला– "एक कुत्ते के शरीर पर लगे घाव को यह आदमी धो रहा था। पता नहीं कि यह धर्मात्मा है या नहीं। अब आप ही इससे पूछ लीजिए।"

राजा ने पूछा- "तुम क्या धर्म-कर्म करते हो?" किसान डरते-डरते बोला- "मैं अनपढ़ हूँ, धर्म किसे कहते हैं, यह मैं नहीं जनता। कोई बीमार होता है तो सेवा कर देता हूँ। कोई माँगता है तो मुट्‌टी भर अन्न अवश्य दे देता हूँ।"

राजा ने कहा- "यह किसान ही सबसे बड़ा धर्मात्मा है।" राजा की बात सुनकर तीनों बड़े लड़के एक दूसरे का मुँह ताकने लगे। राजा ने पुनः कहा- "तीर्थयात्रा करना, भगवत आराधना में लीन रहना, दान-पुण्य करना और जप-तप करना भी धर्म है किन्तु बिना किसी स्वार्थ के किसी दीन-दुःखी और

कष्ट में पड़े हुए प्राणी की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। जो परोपकार करता है, वही सबसे बड़ा धर्मात्मा है।"

1. राजा को क्या चिन्ता थी? उसने अपने पुत्रों को बुलाकर क्या कहा? [2]
2. बड़े पुत्र की दृष्टि में सबसे बड़ा धर्मात्मा कौन था और उसका क्या कारण था? [2]
3. साधु किसके साथ आया था? उसका परिचय किस प्रकार दिया गया? [2]
4. किसान को राजा के सामने कौन लाया था और क्यों? राजा ने किसान को ही सबसे बड़ा धर्मात्मा क्यों कहा? [2]
5. प्रस्तुत गद्यांश से क्या शिक्षा मिलती है? [1]
6. उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दें। [1]

## खण्ड - ख

## [व्यावहारिक व्याकरण]

प्र. 2. शब्द किसे कहते है? [1]

प्र. 3. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। [3]

(क) छात्र शिक्षक के यहाँ जाकर हिन्दी पढ़ता है। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) रात होते ही आकाश में तारों का मेला लग गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ग) मीरा ने कहानी सुनाई। सीमा रो पड़ी। (सरल वाक्य में बदलिए)

प्र. 4. (क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए। [2]

- जनप्रिय
- देहलता

(ख) निम्नलिखित विग्रहों का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।[2]

- आठ आनों का समूह
- पीत है जो अंबर

प्र. 5. निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप में लिखिए। [4]

(क) यह आदमी क्या चाहते हैं?

(ख) हम परस्पर आपस में लड़ते हैं।

(ग) एक गीतों की पुस्तक चाहिए।

(घ) मेरी तो किस्मत टूट गई है।

प्र. 6. उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करें। [4]

1. बड़ी मुश्किल से अब उसकी _________ है।
2. मुश्किलें आने पर हमें _________ चाहिए।
3. कई जगहों पर _________ भी रोमिता को नौकरी नहीं मिली।
4. पिता ने राम की गलती पर उसे _________ लिया।

## खण्ड - ग

## [पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक]

प्र. 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: [2+2+2=6]

(क) वज़ीर अली से सिपाही क्यों तंग आ चुके थे?

(ख) तताँरा ने वामीरो से क्या याचना की?

(ग) लेखक ने जापानियों के दिमाग में 'स्पीड' का इंजन लगने की बात क्यों कही है?

(घ) बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे?

प्र.8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। [5]

1. 'गिन्नी का सोना' के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए कि 'आदर्शवादिता' और 'व्यावहारिकता' इनमें से जीवन में किसका महत्त्व है?
2. बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है?

प्र.9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए। [2+2+2=6]

(क) बिहारी कवि ने सभी की उपस्थिति में भी कैसे बात की जा सकती है, इसका वर्णन किस प्रकार किया है? अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है?

(ग) कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर किससे और क्या प्रार्थना कर रहा है?

(घ) वर्षाऋतु में इंद्र की जादूगरी के दो उदहारण दीजिए।

प्र.10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। [5]

1. 'सहस दृग-सुमन' से क्या तात्पर्य है? कवि ने इस पद का प्रयोग किसके लिए किया होगा?
2. ‘आत्मत्राण’ कविता में कवि की प्रार्थना से क्या संदेश मिलता है? अपने शब्दों में लिखिए।

प्र.11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [6]

1. टोपी नवीं कक्षा में दो बार फ़ेल हो गया। बताइए- ज़हीन होने के बावजूद भी कक्षा में दो बार फ़ेल होने के क्या कारण थे?
2. 'सपनों के-से दिन'पाठ में लेखक को स्कूल जाने का उत्साह नहीं होता था, क्यों? फिर भी ऐसी कौन-सी बात थी जिस कारण उसे स्कूल जाना अच्छा लगने लगा? कारण-सहित स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड - घ

## [लेखन]

प्र.12. दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। [6]

- मित्रता
- खेल
- समाचार-पत्र

प्र.13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में पत्र लेखन कीजिए। [5]

1. छात्रावास में रहने वाली अपनी छोटी बहन को फैशन की ओर अधिक रुझान न रख, ध्यानपूर्वक पढ़ाई करने की सीख देते हुए पत्र लिखिए।
2. आप किसी स्थान विशेष की यात्रा करना चाहते हैं। उस स्थान की जानकारी प्राप्त करने के लिए, उस क्षेत्र के पर्यटन विभाग के अधिकरी को पत्र लिख कर पूछताछ कीजिए।

प्र. 14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 40 से 50 शब्दों में सूचना लेखन कीजिए। [5]

1. आपकी स्कूल ने उदयपुर की सैर का आयोजन किया है। विद्यार्थियों तक इसकी जानकारी देने के लिए एक सूचना-पत्र लिखिए।
2. खेल सचिव द्वारा फुटबाल टूर्नामेंट की जानकारी हेतु सूचना तैयार करें।

प्र. 15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 50-60 शब्दों में संवाद लिखें। [5]

1. मकान मालिक और किरायेदार के बीच हो रहा संवाद लिखिए।
2. दो मित्र के मध्य व्यायाम के महत्त्व को लेकर हो रहे संवाद लिखिए।

प्र. 16. निम्नलिखित विज्ञापनों में से किसी एक विज्ञापन का आलेख 50 शब्दों में तैयार कीजिए। [5]

1. गर्मी में इस्तेमाल होनेवाले टेलकम पाउडर का विज्ञापन तैयार कीजिए।
2. बच्चों की नोटबुक के लिए विज्ञापन बनाइए।